Title: Need for early commissioning of full-fledged passport office at Surat, Gujarat- Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : अध्यक्ष महोदय, दक्षिण गुजरात के सूरत जिले में एक साल पूर्व फुल फलेज एक पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने हेतु आदेश हो चुका है, किंतु अभी तक पासपोर्ट कार्यालय ने काम करना शुरू नहीं किया है। अहमदाबाद पासपोर्ट कार्यालय में सबसे ज्यादा पासपोर्ट बनाने का कार्य लंबित है और पासपोर्ट अधिकतर दक्षिण गुजरात के सूरत के आसपास की है। अभी केवल पासपोर्ट लेने एवं पासपोर्ट बना या नहीं बना है, इसके लिए अहमदाबाद जाना पड़ता है। इसके लिए कई दिन बेकार करने पड़ते हैं। सरकार द्वारा यह बताया जाता है कि सारी औपचारिकतायें पूरी हो गयी हैं, जल्द ही सूरत में फुल फलेज पासपोर्ट कार्यालय खुल जाएगा, परंतु एक साल बीत चुका है और दूसरा साल शुरू हो गया है, किंतु अभी तक पासपोर्ट कार्यालय फुल फलेज ढंग से नहीं शुरू हुआ है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस कार्य की समीक्षा करे एवं जल्द से जल्द सूरत में फुल फलेज पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने हेतु सख्त कार्य वाही करे।